भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2339

उत्तर देने की तारीख 3 अगस्त, 2026

सोमवार, 12 श्रावण, 1948 (शक)

अनंतपुर में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवार

†2339. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में, विशेष रूप से अनंतपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में, कपड़ा और परिधान क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत प्रशिक्षित, प्रमाणित और नियोजित उम्मीदवारों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त राज्य और निर्वाचन क्षेत्र में कपड़ा और गारमेंट सेक्टर के लिए पीएमकेवीवाई के माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण, उद्यमिता सहायता या बाजार लिंकेज सहायता प्राप्त करने वाले अनंतपुर के एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) कपड़ा संकुल के लाभार्थियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त निर्वाचन क्षेत्र में दर्जी और बुनकर श्रेणियों से संबंधित पीएम विश्वकर्मा योजना (पीएमवीएस) के लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है, जिसमें वितरित टूलकिट और स्वीकृत व संवितरित ऋणों की संख्या दर्शाई गई हो?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग): कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) वर्ष 2015 से अपनी प्रमुख स्कीम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का क्रियान्वयन कर रहा है। इस स्कीम के अंतर्गत देशभर के युवाओं को अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण तथा पूर्व अधिगम मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशलोन्नयन एवं पुनः कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के प्रारंभिक तीन संस्करणों, अर्थात् पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 तथा पीएमकेवीवाई 3.0, जो वित्तीय वर्ष 2015-16 से वित्तीय वर्ष 2021-22 तक कार्यान्वित किए गए थे, के दौरान अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक के माध्यम से प्लेसमेंट को ट्रैक किया गया था। वित्तीय वर्ष 2022-23 से क्रियान्वित पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप

विविध करियर विकल्पों का चयन करने के लिए सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया है। इसके लिए उन्हें ऑन-द-जॉब-ओजेटी प्रशिक्षण से युक्त, उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल पाठ्यक्रमों के माध्यम से उपयुक्त मार्गदर्शन एवं अभिमुखीकरण प्रदान किया जाता है।

पिछले तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष (दिनांक 30.06.2026 तक) के दौरान प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत, अनंतपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित आंध्र प्रदेश के 'वस्त्र एवं हथकरघा' तथा 'परिधान' क्षेत्रों में प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त एवं प्रमाणित अभ्यर्थियों की संख्या निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	**क्षेत्र का नाम**	**आंध्र प्रदेश**		**अनंतपुर**	
		प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त	**प्रमाणित**	**प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त**	**प्रमाणित**
2023-24	वस्त्र एवं हथकरघा	228	151	37	19
	परिधान	2,660	1,824	119	111
2024-25	वस्त्र एवं हथकरघा	620	559	32	24
	परिधान	3,487	2,835	89	67
2025-26	वस्त्र एवं हथकरघा	0	0	0	0
	परिधान	121	198	0	0
कुल		**7,116**	**5,567**	**277**	**221**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में आंध्र प्रदेश में 'वस्त्र एवं हथकरघा' तथा 'परिधान' क्षेत्रों में कोई प्रशिक्षण आयोजित नहीं किया गया है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत स्कीम के प्रारंभ से, अर्थात् वर्ष 2015 से दिनांक 30.06.2026 तक, आंध्र प्रदेश में 'वस्त्र एवं हथकरघा' तथा 'परिधान' (गार्मेन्ट सहित) क्षेत्रों की विभिन्न जॉब रोलों में 62,519 अभ्यर्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इनमें अनंतपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 11,034 अभ्यर्थी भी सम्मिलित हैं। जॉब रोल-वार प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की संख्या का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ) प्रधानमंत्री विश्वकर्मा स्कीम के अंतर्गत 'बुनकर' नाम से कोई ट्रेड श्रेणी नहीं है। तथापि, टोकरी/चटाई/झाड़ू निर्माता/कॉयर बुनकर ट्रेड श्रेणी को व्यापक रूप से बुनकर श्रेणी के अंतर्गत माना जा सकता है। अनंतपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में दर्जी तथा टोकरी/चटाई/झाड़ू निर्माता/कॉयर बुनकर श्रेणियों के लाभार्थियों की संख्या, स्वीकृत एवं संवितरित ऋणों तथा वितरित टूलकिटों की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:

ट्रेड का नाम	**मूलभूत प्रशिक्षण पूर्ण**	**स्वीकृत ऋण आवेदन**	**स्वीकृत ऋण राशि (रु.)**	**संवितरित ऋण आवेदन**	**संवितरित ऋण राशि (रु.)**	**वितरित टूलकिट**
टोकरी/चटाई/झाड़ू निर्माता/कॉयर बुनकर	481	118	~85 लाख	107	~75 लाख	135
दर्जी	774	189	~1.38 करोड़	173	~1.24 करोड़	226

अनुबंध

अनंतपुर में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को उत्तरार्थ श्री जी. लक्ष्मीनारायण द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2339 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत स्कीम के प्रारंभ, अर्थात् वर्ष 2015 से दिनांक 30.06.2026 तक, आंध्र प्रदेश (जिसमें अनंतपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भी सम्मिलित है) के वस्त्र एवं हथकरघा तथा परिधान (परिधान निर्माण) क्षेत्रों में जॉब रोल-वार प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त अभ्यर्थियों की संख्या निम्नानुसार है:

क्षेत्र	**जॉब रोल**	**प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त**	
		आंध्र प्रदेश	**अनंतपुर**
परिधान	निर्यात सहायक	90	-
	फैब्रिक कटर	18	-
	फिनिशर	30	-
	हस्त कढ़ाई कारीगर	3,981	650
	हस्त कढ़ाई कारीगर (अड्डावाला)	841	30
	इन-लाइन चेकर	1,109	390
	लेयर मैन	14	-
	माप जांचकर्ता	21	-
	पैकिंग कर्मी	1,647	719
	प्रेस मैन	15	-
	सिलाई उत्पादन पर्यवेक्षक	240	-
	सैम्पलिंग दर्जी	30	-
	स्व-नियोजित दर्जी	14,499	1035
	स्वरोज़गार महिला दर्जी	146	-
	सिलाई मशीन परिचालक	20,117	2258
	बुनाई मशीन परिचालक	5,157	138
	विशेषीकृत सिलाई मशीन परिचालक	25	25
वस्त्र और हथकरधा	ऑटोकोनर टेंटर	492	94
	बीम कैरियर (लोडर)	5	-
	ब्लोरूम परिचालक	10	10
	कार्डिंग परिचालक	10	10
	कॉम्बिंग परिचालक स्तर-4	30	20
	कॉम्बिंग प्रिपरेटरी टेंटर	13	7
	कोन वाइंडिंग परिचालक	85	-
	कोन वाइंडिंग परिचालक मैनुअल एवं असेम्बली वाइंडिंग स्तर-4	55	23

	कोन वाइंडिंग परिचालक मैनुअल एवं असेम्बली वाइंडिंग	192	-
	फैब्रिक चेकर	3	-
	फिटर - शटललेस बुनाई मशीन एयर-जेट	6	-
	जैकार्ड हथकरघा बुनकर	3,950	2952
	कलमकारी शिल्पकार	37	37
	नॉटिंग मशीन परिचालक	4	-
	ओपन-एंड स्पिनिंग टेंटर	11	-
	रिंग फ्रेम डॉफ़र	304	205
	रिंग फ्रेम टेंटर	780	102
	शटललेस करघा बुनकर (रैपियर)	20	-
	शटललेस करघा परिचालक	187	-
	शटललेस करघा बुनकर एयर-जेट	100	-
	स्पीड फ्रेम परिचालक, टेंटर एवं डॉफ़र	53	20
	टीएफओ टेंटर	10	10
	दो-शाफ्ट हथकरघा बुनकर	8,182	2299
कुल		**62,519**	**11,034**

*****